तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 10 अप्रैल 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4 श्याम महोत्सव, भजन गायकों ने बांधा समा झूमते रहे श्रद्धालु



## 45 हाथियों ने पहले ही नाक में कर रखा था दम, अब दंतैल की दस्तक, 4 मकानों को किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कटघोरा वनमंडल में पहले ही 46 हाथियों के झुण्ड के विचरण करने से वनांचल क्षेत्र में बसने वाले लोग हलाकान थे लेकिन अब इस 46 हाथी के अलावा एक दंतैल हाथी ने दस्तक दी है जो लगातार क्षेत्र में उत्पात मचा रहा है। राहत भरी बात यह है कि दंतैल हाथी हाथियों के झुंड में बुधवार को शामिल हो गया है। वन विभाग की टीम लगातार इस झुण्ड पर नज़रें जमाई हुई है ताकि दंतैल हाथी अब इस झुण्ड से अलग ना हो। अब तक इस दंतैल हाथी ने 4 मकानों को ध्वस्त कर दिया है और बड़े पैमाने पर फसलों को रौंद दिया है।

अलग खबर

कटघोरा वनमंडल केंदई रेंज में दंतैल हाथी उत्पात मचाते हुए ग्राम फुलसर, रोदे और कोदवारी के 4 ग्रामीणों की मकानों को तोड़ दिया और घर के भीतर रखे धान को चट कर गए। घटना में एक बीमार महिला बाल-बाल बच गई। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा। बताया जा रहा हैं कि इस क्षेत्र में 35 हाथियों का झुंड विचरण रहा है। यहां से हाथी ग्राम पोड़ी खुर्द के खड़पड़ी पारा पहुंचा। जहां उसने तीन लोगों के मकान को तोड़ दिया है। तीनों ग्रामीणों ने भागकर अपने परिवार की जान बचाई। झुंड में शामिल हाथी नुकसान नहीं पहुंचा रहे हैं। लेकिन दंतैल हाथी अलग होकर ग्रामों में पहुंचने लगा है। दंतैल के डर से ग्रामीण रतजगा करने के लिए मजबूर थे। रेंजर अभिषेक दुबे ने बताया कि हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा गया है। साथ ही निगरानी भी की जा रही है। ग्रामीणों को जो भी नुकसान हुआ है उसका क्षति का आंकलन कर रहे हैं। वही हाथियों के गांव की पहुंचने की सूचना पर वन विभाग अलर्ट है और आसपास गांव में मुनादी कर ग्रामीण को जंगल की जाने से रोका जा रहा है। बुधवार की शाम 34 हाथियों के झुण्ड में शामिल हो गया है जो ग्राम लालपुर के आसपास डेरा जमाए हुए है।

### कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज में विचरण कर रहा है दंतैल



### 35 हाथी केंदई में तो 11 हाथी जटगा में



कटघोरा वनमंडल में कुल 46 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जिसमें से 35 हाथियों का झुंड बुधवार की देर शाम केंदई रेंज के लालपुर चोटिया के डंपिंग एरिया में विचरण कर रहा है और जो लगातार में रोड के इर्द-गिर्द मंडरा रहा है। बताया जाता है कि बुधवार को 35 हाथियों का झुंड एक बार फिर से सड़क पर आ धमका। जिसकी वजह से सड़क की रफ्तार थम गई थी। हालांकि वन विभाग की टीम ने पहले अहतियात के तौर पर वाहनों की रफ्तार रोक को दिया था। जिसके बाद कुछ देर सड़क पर विचरण करने के बाद फिर से यह हाथियों का झुंड जंगल की ओर चला गया है। वहीं 11 हाथियों का झुंड कटघोरा वनमंडल के जटगा रेंज में विचरण कर रहा है। इन हाथियों की निगरानी के लिए अलग-अलग टीम गठित की गई है जो लगातार वनांचल क्षेत्र में विचरण कर हाथी प्रभावित ग्राम पंचायत में पहुंचकर मुनादी करने का काम कर रही है।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय कोयला मंत्री जी.किशन रेड्डी आज रहेंगे कोरबा प्रवास पर



**कोरबा।** केंद्रीय मंत्री कोल एवं माइंस जी किशन रेड्डी 10 अप्रैल को जिले के प्रवास पर होंगे। वे प्रातः 11 बजे गेवरा कोल माइंस का निरीक्षण करेंगे और अपरान्ह 3.30 बजे एसईसीएल के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। शाम 4.30 बजे कोरबा से रायपुर में प्रस्थान करेंगे।

### विद्युत कंपनी के चेयरमैन दो दिवसीय प्रवास पर



**कोरबा।** विद्युत कंपनी के चेयरमैन डा. रोहित यादव गुरूवार को कोरबा प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान श्री यादव बांगो डैम का निरीक्षण करेंगे। उसके बाद कोरबा पश्चिम संयंत्र परिसर में निर्माणाधीन 1320 मेगावॉट वाले विस्तार संयंत्र का निरीक्षण कर जानकारी लेंगे। श्री यादव कोरबा पश्चिम संयंत्र के अधिकारियों की बैठक लेंगे। कंपनी के चेयरमैन शुक्रवार को भी डीएसपीयम संयंत्र का निरीक्षण करेंगे।

### नगर निगम में टास्क फोर्स का हुआ गठन

**कोरबा।** निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के बड़े बकायादारों से बकाया राजस्व की शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने एवं इस हेतु ठोस कार्यवाही किए जाने हेतु टास्क फोर्स (कार्य दल) का गठन किया है। टास्क फोर्स में जोन कमिश्नर नोडल अधिकारी होंगे, वहीं राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध प्रताप सिंह को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है तथा सदस्य के रूप में अतिक्रमण शाखा प्रभारी व निगम के 7 जोन के जोन उप प्रभारी एवं संबंधित वार्डो के वार्ड प्रभारी कार्य दल में शामिल किए गए हैं। आयुक्त ने दल को निर्देशित किया है कि वह बडे. बकायादारों को चिन्हांकित कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों के तहत संबंधित बडे.बकायादारों की वारंट किए गए सम्पत्तियों को सील बंद किए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

### कुसमुंडा खदान में बड़े आंदोलन की तैयारी

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पाली, पडनिया, जटराज, सोनपुरी और रिसदी के ग्रामीणों ने अपनी जायज और बुनियादी सुविधाओं सहित अनेक मांगों को लेकर 1 अप्रैल को एसईसीएल मुख्यालय में प्रदर्शन किया। सीएमडी के नाम सौपे गए ज्ञापन में 15 दिन का समय निराकरण के लिए दिया गया। इसके बाद सभी परियोजना में एक साथ हड़ताल की चेतावनी दी गई। इस कड़ी में 12 सूत्रीय मांगों का समर्थन करते हुए 16 अप्रैल को एसईसीएल स्तर पर होने वाली हड़ताल को सफल बनाने के लिए पाली पडनिया में बैठक किया गया।

### ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पद की अनंतिम सूची जारी

**कोरबा।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु पात्र, अपात्र अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन जारी कर 21 मार्च को शाम 5 बजे तक दावा आपत्ति आमंत्रित की गई थी। प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण पश्चात दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं अनंतिम मेरिट सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा कोरबा जिले के शासकीय वेबसाईट में सर्व संबंधितों के अवलोकनार्थ एवं दावा आपत्ति हेतु अपलोड कर दिया गया है।

### वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने कलेक्टर को जारी किया आदेश

## वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को हस्तांतरित होगी बंद कोरबा पूर्व संयंत्र की रिक्त भूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने कलेक्टर से जिले के बंद पड़े कोरबा पूर्व संयंत्र के रिक्त भूमि के संबंध में जानकारी मांगी है। विभाग ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के आधिपत्य की लगभग 100 एकड़ रिक्त भूमि को उद्योग विभाग को हस्तांतरित करने का आदेश जारी किया है। पूर्व में संयंत्र परिसर की रिक्त भूमि में साइलो, 600 मेगावाट की विद्युत संयंत्र या सोलर पॉवर प्लांट स्थापना का प्रस्ताव था। हालांकि वर्तमान में इस रिक्त भूमि पर एल्युमिनियम पार्क स्थापना की योजना है, जिसे बजट में भी पास कर लिया गया है।

**खास बात**

- उद्योग एवं श्रम मंत्री ने एल्युमिनियम पार्क निर्माण की कही बात

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की 440 मेगावाट क्षमता वाले कोरबा पूर्व संयंत्र को वर्ष 2017-18 के दौरान बंद कर दिया गया था। वर्तमान में बंद संयंत्र में स्वीच यार्ड और प्रशासनिक भवन के अलावा हाइड्रोजन प्लांट व वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन किया जा रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि जिले में पूर्व में संचालित कोरबा पूर्व संयंत्र संयंत्र की सभी इकाईयों को बंद कर नष्टीकरण किया जा चुका है। उक्त संयंत्र के बंद होने के बाद स्वीच यार्ड एवं संयंत्र की जमीन छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी को हस्तांतरित कर दी गई है। इसके बाद भी लगभग 100 एकड़ से ज्यादा भूमि खाली है। जिस पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन द्वारा नये प्रोजेक्ट लगाने का विचार किया जा रहा है। उक्त भूमि में फ्लाई एश के परिवहन हेतु सैलों का निर्माण, 600 मेगावाट के एक यूनिट थर्मल पावर की स्थापना एवं सोलर पावर प्लांट की स्थापना प्रस्तावित है। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने कलेक्टर से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के अधिपत्य की लगभग 100 एकड़ रिक्त भूमि को उद्योग विभाग को हस्तांतरित करने को कहा है, जिससे आगे की कार्यवाही की जा सके।



संयंत्र के भीतर खाली पड़ी जमीन।



### 45 साल लंबा था ऊर्जा का सफर

अविभाजित मध्य प्रदेश को रोशन करने वाला कोरबा ताप विद्युत संयंत्र की वर्ष 1976 में स्थापना हुई थी। संयंत्र की 50-50 मेगावॉट की 4 इकाइयों को पहले ही किया जा चुका था बंद, जिसके बाद वर्ष 2021 में 120 मेगावाट की दोनों इकाईयों को भी बंद कर दिया गया। दरअसल प्रदूषण अधिक होने के कारण नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने राज्य सरकार से इसे बंद करने की सिफारिश की थी। वर्ष 2018 में संयंत्र की 50-50 मेगावॉट की 4 इकाइयों को बंद किया जा चुका था। भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के सहयोग से 1976 और 1981 में कोरबा में विद्युत ताप संयंत्र की 120-120 मेगावाट की दो इकाइयां स्थापित की गई थीं। इसके बाद ही कोरबा को ऊर्जा नगरी के रूप में पहचान मिली। अपने 45 साल के इस सफर में संयंत्र ने न केवल मध्य प्रदेश, बल्कि अन्य राज्यों को भी सेवाएं दीं।

### एल्युमिनियम पार्क निर्माण का प्रयास

कोरबा की बहूप्रतीक्षत एल्युमिनियम पार्क की घोषणा बजट में की जा चुकी है, हमारा प्रारंभ से प्रयास रहा है कि बंद प्लांट की ज़मीन पर ही एल्युमिनियम पार्क का निर्माण हो, ज़मीन आवंटन प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कर पार्क स्थापित कर उद्योग प्रारंभ करने का प्रयास किया जा रहा है।

**-लखनलाल देवांगन,** वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री

## तहसीलदार कोरबा को चिरमिरी पुलिस ने लिया हिरासत में




फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के राजस्व अमले में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब कोरबा तहसील के तहसीलदार सत्यपाल राय को चिरमिरी जिले के पुलिस ने उनके दफ्तर से हिरासत में लेकर अपने साथ चिरमिरी ले गई है। जैसे ही इस मामले की खबर तहसील सहित अन्य विभागीय कर्मियों को लगी उनके बीच हड़कंप मच गया है।

**खास बातें**

- मामला जमीन प्रकरण से जुड़ा है
- राजस्व अमले में मचा हड़कंप

कोरबा तहसील में पदस्थ तहसीलदार सत्यपाल राय पिछले वर्ष कोरबा तहसील में तहसीलदार के पद पर पदस्थ हुए थे। इसके पूर्व वह करतला तहसील के तहसीलदार के पद पर पदस्थ थे। बुधवार को चिरमिरी जिले की पुलिस जब कोरबा तहसील पहुंची तब तक किसी को इस संबंध में कोई जानकारी नहीं थी लेकिन जैसे ही पुलिस ने तहसीलदार सत्यपाल राय को अपने साथ ले गई तो तहसील परिसर में ही तमाम तरह की चर्चा सरगर्म हो गई। पहले तो लोगों को यह लगा कि किसी प्रशासनिक काम से तहसीलदार पुलिस के साथ गए होंगे लेकिन जैसे ही यह जानकारी सामने आई कि पुलिस ने तहसीलदार को सिविल लाईन थाना ले गई है और वहां से उन्हें अपने कस्डी में लेकर चिरमिरी रवाना हुई है। शाम तक प्रशासनिक हल्कों में यह खबर आम हो गई कि तहसीलदार को चिरमिरी पुलिस ने हिरासत में लिया है। तहसीलदार को चिरमिरी पुलिस के द्वारा ले जाये जाने की पुष्टि सिविल लाइन थाना प्रभारी ने भी की है। सूत्रों की मानें तो यह मामला किसी जमीन विवाद से जुड़ा है। उस समय तहसीलदार सत्यपाल राय मनेंद्रगढ़ में रजिस्टार के पद पर थे। हालांकि मामला जांच पर चल रहा है। बताया जाता है कि किसी प्रकरण में उनके खिलाफ अपराध दर्ज है। जिसपर यह कार्यवाही की गई है।

## एसईसीएल के 36 कोल कर्मियों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के वर्तमान क्षेत्र में कार्यरत कोयला कर्मचारियों को उनके वर्तमान पद, श्रेणी एवं वेतनमान में स्वयं के अनुरोध पर स्थानांतरित किया गया है। जिसमें जिले की दीपका, गेवरा व कुसमुंडा समेत एसईसीएल के 36 कोलकर्मियों का तबादला शामिल है।

इनमें कुसमुंडा क्षेत्र के 22 व रायगढ़ से एक कर्मी के स्थानांतरण पर उनके द्वारा दिए गए रिटेन अंडरटेकिंग के अनुसार भूमिगत खदानों में पदस्थापना दी जाएगी। स्थानांतरित कर्मचारियों को यह निर्देश दिया गया है कि वे अपने वर्तमान कार्यस्थल से कार्यमुक्त पत्र लेने के बाद अपने स्थानांतरित क्षेत्र के महाप्रबंधक को अपना कार्यभार ग्रहण प्रतिवेदन, सीएमपीएफ नंबर, एनईआईएस नंबर, जन्मतिथि एवं पहचान पत्र के साथ प्रस्तुत करें। कार्यालय आदेश में यह भी कहा गया है कि चूंकि यह स्थानांतरण उपरोक्त कर्मचारियो के अनुरोध के आधार पर किया जाता है, इसलिए यह स्थानांतरण अनुरोध स्थानांतरण माना जाएगा और इसे तदानुसार विनियमित किया जायेगा।

**खास बात**

- 23 कोल कर्मी भेजे गए भूमिगत खदान

## नशीली टैबलेट की तस्करी करते दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हरदीबाजार थाना पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि नशीली दवा की खेप आने वाली है। सूचना पर सउनि विजय सिंह व उनकी टीम ने सरईसिंगार चौक हरदीबाजार के पास मेन रोड पहुंचकर नाकाबंदी किया गया तथा दीपका की ओर से आने वाले मोटर सायकल को चेक किया गया। इस दौरान दीपका की ओर से एक मोटर सायकल होण्डा लियो क्रमांक सीजी 12 एयू 1235 में दो लोग बैठकर आते दिखे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया और उनसे पूछने पर एक ने अपना नाम सरईसिंगार निवासी संजीव कुमार राठौर उर्फ संकेत उम्र 33 वर्ष पिता स्व.अश्वनी राठौर बताया तथा मोटर सायकल के पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम ग्राम हरदीबाजार शिक्षक नगर थाना मोरिसस राज टाईटस उम्र 36 वर्ष पिता टी टाईटस बताया। दोनों संदेहियों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से डाइक्लोमाइन एचसी ट्रामाडोल कैप्सूल का दो डिब्बा प्रत्येक डिब्बा में 30-30 स्ट्रीक प्रत्येक स्ट्रीक में 8-8 नग टेबलेट कुल 480 नग टेबलेट मिला जिसे आरोपियों से बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 21,22 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### नागरिकों से आवेदन लेने की प्रक्रिया के त्रुटिरहित संचालन सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश

## आयुक्त ने दर्री व बालको के शिविरों में किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुशासन तिहार के तहत बुधवार को नगर निगम के 7 जोन कार्यालयों में नागरिकों से उनकी शिकायत, समस्या व मांग संबंधी आवेदनों को जमा कराए जाने हेतु सुशासन शिविरों का आयोजन किया गया। आयुक्त ने निगम के दर्री जोन कार्यालय व बालको जोन कार्यालय में आयोजित शिविर में पहुंचकर शिविर का निरीक्षण किया। वार्डों के लिए लगाए गए वार्डवार काउंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा नागरिकों से आवेदन लेने की प्रक्रिया का त्रुटिरहित रूप से संचालन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश संबंधित जोन कमिश्नरों व संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा भी उपस्थित थे।



शिविर का निरीक्षण करते निगम आयुक्त।

नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आमजनता से उनकी शिकायतों एवं मांगों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे, तत्पश्चात द्वितीय चरण के अंतर्गत एक माह के भीतर इन प्राप्त आवेदनों का निराकरण कराया जाएगा। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 5 मई से 31 मई तक वार्डों में समाधान शिविर लगाए जाएंगे। आयोजन के प्रथम चरण में नगर निगम कोरबा के कोरबा, टीपीनगर, कोसाबाड़ी, रविशंकर शुक्लनगर, बालको, दर्री व सर्वमंगला इन सभी 7 जोन कार्यालयों में शिविर लगाकर नागरिकों से उनके आवेदन प्राप्त किए गए। आयुक्त श्री पाण्डेय निगम के दर्री जोन कार्यालय व बालको जोन कार्यालय में आयोजित शिविर में पहुंचकर शिविर का निरीक्षण किया। वार्डों के लिए लगाए गए वार्डवार काउंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा नागरिकों से आवेदन लेने की प्रक्रिया का त्रुटिरहित रूप से संचालन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश संबंधित जोन कमिश्नरों व संबंधित अधिकारियों को दिए।


Apollo Hospitals
Hyderabad Renowned
CTVS Surgeon in Raipur

Apollo HOSPITALS

B - 25, Bagrecha Nursing Home,
Katora Talab Road, Shailendra Nagar.
12:00 PM - 4:00 PM

For Appointment, Call:
+914069321073
+919425577666



Dr Nagesh A
MBBS, MS, MCH (Cardiac Surgery)
Sr. Consultant - Cardiac, MICS &
Heart Transplant Surgeon

Consult the doctor, if you are facing with the below conditions.

- Aortic valve disease
- Atrial Fibrillation
- Cardiomyopathy
- Coronary artery disease
- Pericardial effusion
- Pulmonary Hypertension
- Sick sinus syndrome
- Hole In The Heart
- Congenital Heart Surgery

Embassy

9 korba-pg2_Layout 1 4/10/2025 12:04 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### अशांति फैलाने वाले 3 बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू, चापड़ लहराकर अशांति फैलाने वाले 3 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर शहर में गुण्डा बदमाशों की थाने में क्लास लेकर अपराधिक गतिविधियों में शामिल नहीं होने की चेतावनी देकर छोड़ा जा रहा है। इसी तरह पुलिस अधिकारी मोहल्लों में चौपाल लगाकर क्षेत्र के लोगों से अपराधिक गतिविधियों की जानकारी लेकर कार्रवाई करने में लगी हुई है। 9 अप्रैल को तारबाहर पुलिस को सूचना मिली तारबाहर अंडरब्रिज के पास सार्वजनिक स्थान पर दो युवक चाकू रखकर आने जाने वाले रेलवेकर्मियों को डरा धमका रहे हैं। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर प्रदीप गोंड़ पिता रघुमणी गोंड़ आवासपारा सिरगिट्टी, विकास बंजारे पिता रिद्धराम बंजारे आदर्शनगर सिरगिट्टी निवासी को पकड़कर दो नग चाकू बरामद किया है। इसी तरह सिविल लाइन पुलिस ने तालापारा मिनीमाता नगर निवासी अरूण लहरे पिता स्व. राजाराम लहरे 22 साल को चापड़ रखकर लोगों को डराते धमकाते पकड़ा गया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### छेड़खानी व लूट का फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ढाबा में आतंक मचाते हुए युवती से छेड़खानी कर मारपीट व एक युवक से लूट करने के मामले में फरार युवक को पुलिस ने 7 माह बाद पकड़ पाई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, 2 अक्टूबर 2024 को लड़की लड़का खाना खाने काली ढाबा गए थे। युवती वाशरूम जा रही थी। इसी दौरान राजकिशोर नगर देविका विहार कालोनी निवासी अंकित सिंह ठाकुर पिता अजय सिंह ठाकुर 23 साल व उसके दोस्त युवती से छेड़खानी करने लगे। युवती साथ गए युवक ने विरोध किया तो अंकित एवं उसके दोस्तों ने गुण्डागर्दी करते हुए बेरहमीपूर्वक युवक व युवतियों के साथ मारपीट की गई थी। सोशल मीडिया में मारपीट की वारदात जोरों से वायरल हुई थी। ढाबा से निकलने के बाद उक्त युवकों ने रास्ते में रामावैली निवासी वेदांत शुक्ला से मारपीट कर लूटपाट की थी। 7 माह फरारी काटने के बाद 9 अप्रैल को पुलिस ने आरोपी अंकित सिंह ठाकुर को गिरफ्तार किया है।

### दुकान व मकान में चोरी दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** दुकान व मकान में चोरी करने दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी का सामान जब्त कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, 11 जनवरी 2025 को निराला नगर निवासी दौलतराम चौधरी अपनी पुराना बस स्टैण्ड स्थित दुकान बंदकर घर चले गए थे। देर रात चोरों ने उनकी दुकान से मोबाइल, घड़ी व नकद रकम चोरी कर लिया। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुटी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर टीआई विवेक पाण्डेय, गोकुल जांगड़े, नुरूल कादिर, धीरेन्द्र सिंह ने देवरीखुर्द निवासी दुर्गेश घोरे पिता राकेश घोरे 22 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने श्री चौधरी की दुकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी गया एक मोबाइल बरामद किया गया है। उसने एक मोबाइल व घड़ी रेलवे स्टेशन में एक व्यक्ति को बेचकर पैसा खर्च कर देना बताया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। इसी तरह सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 4 अप्रैल 2025 को जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी मीना सिंह ठाकुर के घर में चोरी हो गई थी।

### कोचिया से 45 लीटर शराब जब्त

बिलासपुर। अवैध शराब के गढ़ नगाराडीह में पुलिस ने दबिश देकर मात्र एक कोचिया को पकड़ा है। उसके पास से 45 लीटर महुआ शराब बरामद की गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नगाराडीह गांव में दबिश देकर लाल बहादुर रात्रे उर्फ लल्लू पिता स्व. रेशम लाल रात्रे 22 साल को पकड़कर उसके घर से 45 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने शराब जब्त कर कोचिया को गिरफ्तार कर लिया है।

# सिग्नल बंद, नर्मदा नगर चौक पर चरमराई यातायात व्यवस्था



सिग्नल फेल: नर्मदा नगर चौक पर रोज लग रहा जाम। परेशान हो रहे लोग।

**बिलासपुर।** शहर के चौक चाराहों पर लगे ट्रैफिक सिग्नल भगवान भरोसे चल रहे हैं। कुछ स्थानों पर चौक में सिग्नल लंबे समय से बंद है, तो कहीं सिग्नल चलते चलते अचानक ही बंद हो जा रहे हैं।

बुधवार की सुबह नर्मदानगर चौक का सिग्नल अचानक बंद हो गया। जिससे ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त हो गई। चारों ओर से वाहनों का प्रवेश होने से ट्रैफिक जाम हो गया, जिससे तपती धूप में लोग जाम में फंसकर हलाकान होते रहे। शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाने के लिए शहर के चौक चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया है, लेकिन उचित देख रेख के अभाव में इंदु चौक, महाराणा प्रताप चौक, मगरपारा, राजीव गांधी चौक, फारेस्ट आफिस चौक सहित अन्य जगहों के ट्रैफिक सिग्नल लंबे अरसे बंद पड़े हैं। जिन चौक चौराहों पर सिग्नल चल रहे हैं, वो अचानक कब बंद हो जाएं इसकी कोई गारंटी नहीं है। इसके बाद ट्रैफिक व्यवस्था बेलगाम हो जाती है। बुधवार को सुबह 11 बजे नर्मदा नगर चौक में चल रहे ट्रैफिक सिग्नल की लाईट अचानक बंद हो गई। इस समय चौक में ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है। चारों ओर से वाहनों के प्रवेश करने से ट्रैफिकजाम हो गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई। हैरत की बात यह है कि काफी समय बाद भी व्यवस्था सुधारने ट्रैफिक पुलिस दूर दूर तक नजर नहीं आई। तपती धूप में लोग जाम में फंसकर हलाकान होते रहे है। घण्टो मशक्कत के बाद आवागमन सामान्य हो पाया।

- चिलचिलाती धूप में परेशान होते रहे शहरवासी

### 1 अमेरी चौक में किन्नरों का कब्जा

पिछले कुछ समय से अमेरी चौक में शाम 6 बजे के बाद किन्नरों का कब्जा हो जाता है। चौक के चारों ओर किन्नर खड़े हो जाते है। रेड सिग्नल में वाहन रूकने पर उनके द्वारा लोगों से पैसे की मांग की जाती है। नहीं देने पर जोर जबरदस्ती किया जाता है। किन्नरों की हरकतो से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### 2 महाराणाप्रताप चौक से नहीं हटा फल ठेला

महाराणाप्रताप चौक में सड़क किनारे फल ठेला लगा लिया गया है। यह ठेला सुबह से देर रात तक खड़ा रहता है। आलम यह है कि गौरवपथ से महाराणाप्रताप चौक से जाने वाले वाहन सवारों को ठेला लगने व आटो खड़े होने से लेफ्ट साइड जाने की जगह नहीं मिल पाती। मजबूरी में लोगों को तपती धूप में खड़ा होकर हलाकान होना पड़ता है।

## सब्जी-फल, पेय पदार्थ, चाट, दैनिक उपयोग की वस्तुएं, कपड़े का कारोबार तक हो रहा

# 4 करोड़ में बने थे शहर में फुटपाथ, सभी पर कब्जा, निगम की टीम पहुंची, हंगामा-विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने और पैदल चलने वालों की सुरक्षा के लिए शहर की प्रमुख सड़कों पर 4 करोड़ में फुटपाथ का निर्माण कराया गया था। इसमें से अधिकांश फुटपाथों पर कब्जा हो गया है। यह एक ऐसी समस्या है, जो वर्षों से चली आ रही है और अभी तक इसका कोई उपयुक्त समाधान नहीं खोजा जा सका है। दुकानदारों का सामान दुकानों में कम बल्कि फुटपाथ पर अधिक रखा जाता है, जिसे देखकर ऐसा लगता है जैसे फुटपाथ आमजन के लिए नहीं बल्कि दुकानदारों के लिए बनाया गया है। यहां तक की पीली लाइन के पार भी सामान रखा जाने लगा है। शहर में शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र होगा जहां पर बने फुटपाथ पर कब्जा न हो। इन फुटपाथों पर सब्जी-फल, पेय पदार्थ, चाट, दैनिक उपयोग की वस्तुएं, कपड़े का कारोबार तक हो रहा है। निगम की टीम लगातार इस पर कार्रवाई कर रही है लेकिन दुकानदार मानने को तैयार नहीं है।

- शाम को लगभग सभी सड़कों पर यातायात का दबाव, ऐसे में सड़क पर वाक करना संभव नहीं

ज्यादातर फुटपाथों पर अस्थाई दुकानें चलने लगी हैं। नेहरू चौक से मंगला चौक तक भी सड़क के दोनों ओर फुटपाथ पर कब्जा हो गया है। इस मार्ग में फुटपाथ पर अवैध रूप से 100 से ज्यादा दुकानों का संचालन हो रहा है। निगम की टीम ने बुधवार को यहां अभियान चलाया गया। खास तौर पर शेफर स्कूल के सामने से लेकर मुंगेली नाका चौक तक पीली लाइन के पार भी दुकानदारों ने सामान रख दिया था। इनके सामानों की जब्ती के साथ ही चेतावनी दी गई। यहां लगाए गए ठेलों को हटाया गया। दरअसल सुबह के समय तो सड़क में भीड़ नहीं होने की वजह से फुटपाथ की आवश्यकता इतनी महसूस नहीं होती है। शाम को वाक करने वालों को दिक्कत होती है। शाम के समय लगभग सभी सड़कों पर यातायात का दबाव रहता है। ऐसे में सड़क पर वाक करना संभव नहीं हो पाता है।





शनिचरी बाजार में अतिक्रमण हटाया गया।

### टाउन हाल और कलेक्टोरेट के पास भी कब्जा

टाउन हाल के सामने की फुटपाथ पर कब्जा हो चुका है लेकिन इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। समस्त सरकारी विभाग इसी रोड पर स्थित कलेक्टोरेट, एसपी कार्यालय, जिला न्यायालय, कंपोजिट भवन के साथ अन्य सरकारी विभाग संचालित हो रहे है लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी फुटपाथ को कब्जा मुक्त बनाने का प्रयास नहीं कर रहा है।

### फुटपाथों पर वाहन पार्किंग

‹B›इसके साथ ही कलेक्टोरेट के सामने, जिला कोर्ट के सामने, मंगला चौक के पास, लिंक रोड में सत्यम चौक से लेकर अग्रसेन चौक तक, तारबहार, गांधी चौक, तेलीपारा रोड में बने फुटपाथों पर वाहन पार्किंग हो रही है। जिससे लोगों की आवाजाही में बाधा पहुंचती है। उन्हें वापस सडक पर उतरकर वाहनों के साथ-साथ चलना पड़ता है।

### यह है कब्जे की हालत

सीएमडी कॉलेज चौक से विद्या नगर की ओर जाने वाले रोड की टर्निंग पर होटल वाले का कब्जा है। इसी मार्ग पर आगे कई अन्य दुकानदार अपना सामान रखने के लिए उसका इस्तेमाल कर रहे हैं। तारबाहर चौक के पास स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मारक स्थल की बाउंड्री पर अतिक्रमण हो चुका है। तालापारा में बनाए गए फुटपाथ के अधिकांश हिस्से में दुकानदार काबिज हो चुके हैं। ताला पारा क्षेत्र में कभी सड़क के दोनों ओर लोगों की आमदरफ्त के लिए चौड़े-चौड़े फुटपाथ हुआ करते थे, अब रोड ही संकरी हो गई है। रिंग रोड नंबर- 2 में पेट्रोल पंप के पास सुलभ शौचालय के बाजू में फुटपाथ पर एक व्यक्ति ने घर की सीढ़ियां बनवा ली हैं। सरकंडा में पाटलीपुत्रा समिति द्वारा बनाए गेट पर भी अतिक्रमणकारियों की नजर है। गेट के पिलर को कब्जे में लेते हुए वहां दुकान खोल दी गई। श्रीकांत वर्मा मार्ग के किनारे बनाए फुटपाथ को खुद निगम ने ही नाले की सफाई के लिए तोड़-फोड़ डाला। इसी मार्ग पर साईं मंदिर के सामने जगह-जगह फुटपाथ पर इस तरह दुकानदारी शुरू हो गई है। साइंस कॉलेज व जरहाभाठा रोड पर भी यही नजारा देखने को मिलता है। राजेंद्र नगर स्कूल के सामने तो लोग अब फुटपाथ पर कार और दो पहिया वाहन पार्क करने लगे हैं।

### शनिचरी में जमकर मचा हंगामा

मंगला चौक से नेहरू चौक तक, शनीचरी बाजार से लेकर, शेफर स्कूल के सामने, पुराने बस स्टैंड में अभियान चलाया गया। विवाद और हंगामा भी होता रहा। सबसे अधिक विवाद शनिचरी बाजार में हुआ। यहां दोना पत्तल बेचने वालों ने निगम की पानी टंकी के पास कब्जा करते हुए जाली बना लिया था। इसी जाली में सामान रखा जाने लगा। निगम की टीम इसे तोड़ने पहुंची तो विवाद होने लगा। निगम ने बांस बल्ली तोड़ते हुए सामान की जब्ती बनाई है। इसके साथ ही शनिचरी के मटन मार्केट में बनाए गए अवैध दुकान को भी तोड़ा गया। शनीचरी बाजार में बाल्मिकी चौक के पास लगाए गए फल ठेले वालों को हटाया गया। जिला अस्पताल गेट पर गिए गए अतिक्रमण को हटाया गया। सीएमडी चौक के पास से कब्जा हटाया गया।

### फुटपाथ पर चौपाटी कल्चर

इसके साथ ही संजय तरण पुष्कर से 27 खोली मोड़ तक सड़क के दोनों ओर फुटपाथ पर दो दर्जन से ज्यादा फास्ट फूड की दुकानें सजती हैं। वहीं फल ठेले वालों का भी कब्जा है। ऐसे में यहां रूकने वाले लोग सड़क पर ही वाहन खड़ी करते हैं। इससे यातायात भी प्रभावित होता है। इसकी वजह से शाम के समय बार बार जाम की स्थिति बनती है। इसके साथ ही दूसरे दुकानदार भी अपना सामान फुटपाथ पर रखकर व्यापार करते हैं। वहीं कई बड़े होटल, अस्पताल भी फुटपाथ का निजी उपयोग कर रहे हैं। इनके प्रतिष्ठान के दरवाजे फुटपाथ पर ही खुलते हैं। खासतौर से 27 खोली मोड़ से लेकर मंगला चौक तक सड़क की दोनों ओर की फुटपाथ पर दुकानदारों को कब्जा है।

## अलग-अलग सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत

**बिलासपुर।** अलग अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, ग्राम भाड़म निवासी चैन सिंह सिंगौर 8 अप्रैल को सुबह 5 बजे घर से बाइक क्रमांक सीजी 10 यू, 8117 में घर से निकलकर नेशनल हाइवे की ओर जा रहे थे। सैदा ओवरब्रिज के पास अज्ञात वाहन के ड्राइवर ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मारकर भाग गया। सूचना पर परिजन उन्हें इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। दूसरी घटना में रतनपुर क्षेत्र के नेवसा निवासी मेडिकल दुकान संचालक गौतम साहू 8 अप्रैल की रात 8 बजे दुकान बंद कर धर जा रहे थे। रात 10 बजे जाली बिजली सब स्टेशन के पास पहुंचे थे। इसी दौरान सामने से शत्रुहन लाल धीवर पैदल आ रहे थे। जाली की ओर से जा रहे बाइक क्रमांक सीजी10 बीव्ही, 7673 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए शत्रुहन धीवर को टक्कर मार दिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामले में वाहन चालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## शिक्षक से 1 लाख 63 हजार की आनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** मोबाइल में लिंक भेजकर शिक्षक से 1 लाख 63 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। पचपेड़ी पुलिस के अनुसार, लोहर्सी निवासी सेवक राम साहू शासकीय स्कूल बोहारडीह में शिक्षक हैं। 16 मार्च 2024 की सुबह करीब 7.30 बजे उनके मोबाइल में मैसेज से लिंक आया। उनके द्वारा टच करने पर आगे और फार्म खुलता गया, उनके द्वारा अपना आधार कार्ड, पेन कार्ड और अन्य दस्तावेजों की एवं ओटीपी की जानकारी दे दिया गया। 20 मार्च को वह अपने दोस्त को पैसा ट्रांसफर कर रहे थे तो उनके बैंक खाते में बैलेंस नहीं था। उन्होंने बैंक जाकर बैलेंस की जानकारी ली तो पता चला अलग अलग किश्तों में 1 लाख 63 हजार 34 हजार रुपए दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर होना बताया गया। पुलिस ने श्री साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 308, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# ओपन यूनिवर्सिटी से बाहर हो जाएंगे पुराने 27 अतिथि प्राध्यापक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में कार्यरत पुराने 27 अतिथि प्राध्यापकों पर सेवा समाप्ति का खतरा मंडराने लगा है। यूनिवर्सिटी ने सेल्फ फायनेंस तहत अस्थाई रूप से भर्ती के लिए 40 पदों का विज्ञापन निकाला है और आवेदन मंगाए हैं। इसके लिए जो आरक्षण रोस्टर बनाया गया है, उससे भी पुराने अतिथि प्राध्यापक भर्ती प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे।

- सेल्फ फायनेंस के तहत विज्ञापित किए गए 40 पद

ओपन यूनिवर्सिटी के इस भर्ती प्रक्रिया को लेकर शासन द्वारा बनाई गई अतिथि शिक्षक नीति की अवहेलना का आरोप लगने लगा है। अतिथि प्राध्यापकों के अनुसार यूनिवर्सिटी द्वारा अतिथि प्राध्यापक नीति की अवहेलना कर संविदा पद के लिए विज्ञापन निकाला गया है। राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि पूर्व में कार्यरत अतिथि शिक्षक की योग्यता यूजीसी के नियमों के अनुसार पूरा करते हैं, उन्हें यथावत रखा जाएगा। इसके बावजूद विगत कई सालों से कार्यरत अतिथि शिक्षकों की भर्ती में अपने पसंदीदा लोगों को लेने के लिए विभागाध्यक्षों द्वारा अपने हिसाब से रोस्टर बनाया गया है। इससे पूर्व में कार्यरत बहुत से अतिथि शिक्षकों की नौकरी चली जाएगी। इन अतिथि शिक्षकों को विगत एक वर्ष से पुराने वेतन दर से ही भुगतान किया जा रहा है यह भी उच्च शिक्षा नीति का अवहेलना है। अतिथि शिक्षक नीति के तहत चार घंटे कार्य का प्रावधान है जबकि यूनिवर्सिटी सात घंटे से अधिक कार्य करवाता है।

**यूनिवर्सिटी नए सिरे से भर्ती की कर रही तैयारी**



### अतिथि व्याख्याता नीति में स्पष्ट प्रावधान

शासकीय कालेजों एवं राजकीय यूनिवर्सिटी में पूर्व से अतिथि व्याख्याता के रूप में कार्यरत श्रेणी एक, दो व तीन के पदों को रिक्त नहीं माना जाएगा एवं वे यथावत कार्य करते रहेंगे। अतिथि व्याख्याता नीति 2024 अनुसार सभी लाभ प्राप्त करेंगे। अतिथि व्याख्याता एवं अन्य के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता यूजीसी विनियम 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। विनियम 2018 के अंतर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए।

### विज्ञापन जारी किया गया

ओपन यूनिवर्सिटी में अभी किसी अतिथि शिक्षकों को नहीं निकाला जा रहा, किन्तु संविदा सहायक प्राध्यापकों की भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला गया है। उसके तहत नए भर्ती हो जाने पर पहले वाले अतिथि प्राध्यापकों की सेवा समाप्त हो जाएगी। जहां तक आरक्षण रोस्टर वाली बात है तो आरक्षण रोस्टर के सौ बिन्दुओं को पालन करते हुए आरक्षण रोस्टर बनाया गया है।

**-भुवन सिंह राज** रजिस्ट्रार, पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो भाइयों की मौत

**अम्बिकापुर।** शादी का निमंत्रण पत्र बांट कर घर लौट रहे बाइक सवार को ग्राम करकली के समीप अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार एक भाई की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सामरी थाना अंतर्गत ग्राम कुटकू निवासी संदीप नगेसिया पिता मनोज राम नगेसिया (28 वर्ष) मंगलवार को कुसमी क्षेत्र के ग्राम पाढ़ी रिश्तेदार के यहां शादी कार्ड बांटने फुफेरा भाई दीपू नगेसिया के साथ बाइक से गए थे। शाम को दोनों घर लौटने लगे और जैसे ही कुसमी मुख्य मार्ग ग्राम करकली के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# अपोलो के फर्जी डॉक्टर मामले में कांग्रेस नेताओं ने की जांच की मांग

**बिलासपुर।** छग के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल की अपोलो अस्पताल में कार्डिआॅक सर्जरी के बाद हुई मौत और फर्जी डिग्रीधारी कार्डियोलॉजिस्ट नरेन्द्र विक्रमादित्य की सेवाएं लेने के मामले को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर से मिलकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, विधायक दिलीप लहरिया, सियाराम कौशिक, रश्मि सिंह, प्रमोद नायक, राजेन्द्र साहू, जगदीश कौशिक आदि ने अपोलो प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए मांग की है कि अपोलो में डॉ. नरेन्द्र विक्रमादित्य को नौकरी पर रखते समय उनकी डिग्री और पूर्व के अनुभव संबंधी दस्तावेजों की जांच पड़ताल क्यों नहीं कराई गई। ज्ञापन में तत्कालीन आईएमए अध्यक्ष की रिपोर्ट को दबाकर लीपापोती करने वाले तत्कालीन बिलासपुर सीएमएमओ और डॉ. प्रताप रेड्डी चेकयरमेन अपोलो ग्रुप, प्रीथा रेड्डी एक्जीक्यूटिव चेयरमेन अपोलो ग्रुप, डॉ. मनीष मट्टू रिजनल हेड अपोलो अस्पताल ग्रुप, अर्णव राहा यूनिट हेड बिलासपुर अपोलो अस्पताल, फर्जी डॉक्टर नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई जाए और मुकदमा चलाया जाए।



### कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज ने कार्रवाई की मांग

कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज ने फर्जी डाक्टर नरेन्द्र विक्रमादित्य के विरुद्ध कार्रवाई एवं पं. राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल की मृत्यु की विशेष जांच की मांग की। समिति ने आज कलेक्टर अवनीश शरण एवं आई जी पुलिस संजीव शुक्ला से भेंट कर इसकी जांच की मांग अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित, सचिव मनोज शुक्ला, उपाध्यक्ष राजीव अवस्थी, कोषाध्यक्ष प्रभात मिश्रा के साथ कार्यकारणी सदस्य पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी व अन्य सदस्यों ने की है। कलेक्टर ने इस पर शीघ्र हाइ पावर कमेटी बना कर जांच करने की बात कही है।

### सभी डाक्टरों की डिग्री सार्वजनिक करें

पूरे बिलासपुर संभाग के लोग उच्चस्तरीय सुविधा और अच्छे इलाज के मामले में अपोलो अस्पताल पर आंख बंदकर भरोसा रखते थे लेकिन फर्जी डिग्री कांड ने जनता का भरोसा तोड़ दिया है। अपोलो अस्पताल प्रबंधन द्वारा लोगों के साथ विश्वासघात किया है। मौजूदा समय में अपोलो अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों की डिग्री की जांच कर उन्हें सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

**-विजय केशरवानी**
जिलाध्यक्ष, कांग्रेस

## संभागायुक्त ने लापरवाही पर जताई नाराजगी

**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभाग आयुक्त नरेंद्र दुग्गा ने सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत ग्राम पंचायत रघुनाथ नगर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में कमियां पाए जाने पर संभागायुक्त आयुक्त ने सीईओ वाड्रफनगर पर नाराज़गी जताई। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने देखा कि ग्राम पंचायत में समाधान पेटी व्यवस्थित रूप से नहीं लगाई गई है। साथ ही, प्रचार-प्रसार में कमी, पर्याप्त संख्या में आवेदन पत्रों की अनुपलब्धता, भ्रमण दल का गठन न होना, और आवेदन पत्र भरवाने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित न करना जैसी गंभीर लापरवाहियां सामने आईं। इसके अतिरिक्त, आयुक्त ने ग्राम बेबदी का भी दौरा कर ग्रामीणों से चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि मार्च माह का राशन अब तक 171 हितग्राहियों को प्राप्त नहीं हुआ है।

# कूदरगढ़ धाम जा जाते समय हादसा, डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर से कूदरगढ़ धाम दर्शन करने जा रहा परिवार हादसे का शिकार हो गया। धाम पहुचंने से पहले गोखनई नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गई जबकि उसके भाई और पिता को मुश्किल से बचाया गया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है।

बताया जा रहा है कि शहर के घुटरापारा निवासी कन्हैया जायसवाल अपने परिवार के साथ सदस्यों के साथ कूदरगढ़ धाम दर्शन करने के लिए जा रहे थे। इस दौरान सुबह लगभग 7.30 बजे परिवार कूदरगढ़ व इन्दरपुर मार्ग पर स्थित गोखनई नदी में नहाने के लिए रुक गया। परिवार के सभी सदस्य नदी में नहा रहे थे। इस दौरान अचानक ही कन्हैया जायसवाल का पुत्र 18 वर्षीय रोहित जायसवाल व 20 वर्षीय रिशू जायसवाल गहरे पानी में जाकर डूबने लगे। बच्चों को पानी में डूबता देख पिता भी उन्हें बचाने के लिए पानी में गए। उन्होंने किसी तरह रिशु जायसवाल को खींचकर बाहर निकाला लेकिन फिर वे खुद ही डूबने लगे। इस दौरान आस पास नहा रहे लोग भी सुनकर मौके पर पहुंचे और किसी तरह कन्हैया जायसवाल को बाहर निकाला लेकिन रोहित डूब गया था जिसे निकालने में मशक्कत करनी पड़ी। पिता व दोनों युवकों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी में भर्ती कराया गया लेकिन डॉक्टरों ने रोहित जायसवाल को मृत घोषित कर दिया वहीं रिशु और कन्हैया जायसवाल की हालत खतरे से बाहर है। घटना के बाद परिवार सदमें में है इसके साथ ही क्षेत्र में शोक का माहौल है।



9 korba-pg3_Layout 1 4/9/2025 11:29 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### दीक्षा महिला समिति ने प्याऊ घर का किया शुभारंभ

**दीपका।** भीषण गर्मी में शीतल पेयजल उपलब्ध होने से मिलेगी राहत एसईसीएल श्रद्धा महिला मंडल के अधीन कार्यरत दीपका की दीक्षा महिला समिति ने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए बुधवार को क्षेत्र के तीन प्रमुख स्थानों पर सार्वजनिक प्याऊ घर का शुभारंभ किया। समिति की अध्यक्ष श्रीमती रंभा मिश्रा के नेतृत्व में यह पहल की गई, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में आने-जाने वाले आम नागरिकों को भीषण गर्मी के मौसम में शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है। प्याऊ घरों की स्थापना जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल चैतुरगढ़, भारतीय स्टेट बैंक परिसर प्रगतिनगर, तथा व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स प्रगतिनगर दीपका में की गई। इन तीनों स्थलों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग बैंकिंग कार्यों या व्यापारिक जरूरतों से आते हैं और गर्मी के कारण शीतल जल के लिए परेशान होते हैं। अब इन स्थलों पर प्याऊ की सुविधा से उन्हें राहत मिलेगी। इस दौरान श्रीमती रंभा मिश्रा ने कहा कि हमारी समिति सदैव समाज के प्रति उत्तरदायी रही है। इस पहल का उद्देश्य भीषण गर्मी में शीतल पेयजल उपलब्ध कराकर लोगों को गर्मी से राहत देना और मानवता की सेवा करना है। हम आगे भी ऐसे कार्यों में सक्रिय रहेंगे। इस मौके पर पार्षद अरुणीश तिवारी भी उपस्थित रहे।

### तेज रफ्तार कार जा घुसी खेत में



**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया के पास बुधवार की दोपहर शादी से लौट रही कार दुर्घटना का शिकार हो गई। कार सड़क किनारे बिजली खंभे को ठोकर मारते खेत में पलट गई। देखते ही देखते राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और कार में घायल लोगों को किसी तरह बाहर निकाला गया। कार में लगभग 6 से ज्यादा लोग सवार थे। कार में दुल्हन की बहन भी थी। जिन्हें मामूली चोट आयी है। डायल 112 के पहुंचने से पहले ही कार सवार घटनास्थल से जा चुके थे। उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि लोगों को मामूली चोट आयी थी। घटना की सूचना नहीं दी गई है।

## जिले में विभिन्न मंदिरों में होगा भोग भंडारा

# हनुमान जयंती उत्सव पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम, निकलेगी झांकी व रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




श्रीराम भक्त हनुमान का प्राकट्य उत्सव चैत्र पूर्णिमा को धूमधाम से आस्था पूर्वक मनाया जाएगा। जिले में उत्सव को मनाने के लिए तैयारी जोर-शोर से जारी है।

हैलीपेड के नजदीक पंचमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान प्राकट्य उत्सव पर इस बार भी भव्य कार्यक्रम किया जाएगा। 12 अप्रैल की रात्रि 8 बजे से यहां पर प्रिया कौर और सहयोगी कलाकारों के द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति की जाएगी। कोसाबाड़ी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में सुबह से पूजा दर्शन के साथ अभिषेक होगा। दोपहर को भगवान को नया चोला चढ़ाया जाएगा। विभिन्न संगठनों के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए दिन भर भंडारा संचालित किया जाएगा। नेहरू नगर वार्ड के अंतर्गत कुआं भट्टा क्षेत्र में स्थित बालाजी हनुमान मंदिर में प्राकट्य उत्सव पर विशेष अनुष्ठान पिछले कई वर्षों से हो रहा है। सामाजिक संगठन के द्वारा भगवान को चूरमा का प्रसाद अर्पित किया जाएगा। एसईसीएल सीजीएम कार्यालय रोड स्थित हनुमान मंदिर मुड़ापार में दिनभर कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, महाराणा प्रताप नगर, डॉ. राजेंद्र नगर, पौड़ी बाहर, बालको नगर और अन्य उपनगर क्षेत्र में भी इस दिन अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

### सुंदरकांड पाठ का आयोजन

राम जानकी मंदिर घंटाघर रोड बुधवारी में हनुमान जयंती उत्सव पर एक दिन पहले से अनुष्ठान की शुरुआत होगी। यहां पर रामचरितमानस और सुंदरकांड का पाठ एक दिन पहले से शुरू होगा। 24 घंटे में इसकी पूर्णाहुति होना है। राजपूत क्षत्रिय समाज के द्वारा आयोजन को भव्य बनाने के लिए पूरी कोशिश की जा रही है। समाज के पदाधिकारी और सदस्यों ने इस बार कई नए प्रयोग इस आयोजन में करने की योजना बनाई है।

## कटघोरा में लगातार जारी है नि:शुल्क योग शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

योगा समिति कटघोरा के द्वारा अग्रसेन भवन कटघोरा के ऊपरी छत पर पिछले कई महीनों से लगातार निःशुल्क योगा सिखाया जाता है। इस दौरान करीब 50 से अधिक लोग प्रतिदिन योग का लाभ ले रहे हैं। इस योग शिविर में बच्चे से लेकर बड़े तक योग में नित्यदिन आ रहे हैं। 21 जून को इस योग को अंतरास्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाती आई है इस योग की शुरुआत 5 लोगों से की गई थी जो कि आज बढ़ते बढ़ते 50 से भी अधिक हो गई है योग समिति के संचालक राजकुमार अग्रवाल ने बताया की आज कल जिस प्रकार से लोगो का खान पान की दिनचर्या बन गया है उससे लोगो को अनगिनत प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है इन्ही समस्याओं को देखते हुए आज नागरिक योग से जुड़ते जा रहे हैं। 6 बजे से 7:15 तक यह योग चलता है। महिलाएं भी खुद योग सीखकर दूसरो को भी योग सिखाती हैं वह कहती है कि महिलाओं के लिए योग करना बेहद जरूरी होता है।

## कोयला कारोबारी हत्याकांड की जांच करने पहुंची कांग्रेस की टीम



जांच करती जांच समिति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला कारोबारी रोहित जायसवाल हत्याकांड की जांच के लिए कांग्रेस की टीम बुधवार को घटनास्थल पहुंची। टीम ने मृतक के परिवार से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी ली। मृतक के परिजनों ने जांच टीम को घटना की सिसिलेवार विस्तृत जानकारी दी। परिजनों ने बताया कि उनके विरोध और दबाव के बाद ही आरोपियों की गिरफ्तारी हुई और एसपी के मौके पर पहुंचने के बाद ही कार्रवाई शुरू हुई। जांच टीम में रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, प्रदेश महासचिव प्रशांत मिश्रा, जिला अध्यक्ष मनोज चौहान और जिला पंचायत सदस्य कौशल नेटी शामिल हैं। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी ली। पाली में हुई इस हत्या का कारण कोल खदान में वर्चस्व की लड़ाई और डीओ उठाने का विवाद बताया जा रहा है। रोहित पर चाकू से हमला किया गया था। हत्या के मुख्य आरोपी के रूप में पाली भाजपा मंडल अध्यक्ष रोशन ठाकुर का नाम सामने आया है। इस मामले में कुछ अन्य भाजपा पदाधिकारियों के नाम भी जुड़े हैं। कांग्रेस ने कहा है कि वह इस जांच समिति के माध्यम से मामले की सच्चाई सामने लाएगी।

## बरपाली प्राचार्य डॉ. तारा को विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




शासकीय महाविद्यालय बरपाली की प्राचार्य डॉ. तारा शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर महाविद्यालय स्टॉफ के द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। महाविद्यालय में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अपनी उत्कृष्ट कार्य शैली, अध्ययन, अध्यापन, शोध कार्यो के लिए उच्च शिक्षा विभाग में निरंतर 40 वर्षों तक सेवा देने के उपरांत 31 मार्च को शासकीय सेवा से डॉ. शर्मा निवृत्त हुईं। विदाई एवं सम्मान समारोह में महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. ए. के. सिंह ने प्राचार्य डॉ. शर्मा को स्मृतिचिन्ह प्रदान कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की जानकारी प्रदान की। डॉ. सी.पी. नंद ने प्राचार्य के अद्भुत कार्यशैली, महाविद्यालय के उत्थान के लिए किए गए कार्य का विवरण प्रस्तुत किए। डॉ. टी. एल. मिर्झा, डॉ. राजलक्ष्मी सराफ, डॉ. विवेक मोहन अग्रवाल, प्रो. डी. के. चंद्रा, प्रो. लक्ष्मी साहू, प्रो0 अरविंद खाखा, प्रो0, आसमां सिंह कंवर ने भी प्राचार्य डॉ. शर्मा के योगदान और उपलब्धि को बताते हुए उनके प्रेरक और अनुकरणीय व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए भविष्य में मार्गदर्शन की अपेक्षा की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. शर्मा ने अपने दीर्घ सेवाकाल के अनुभव को याद करते हुए महाविद्यालय के अपने सहयोगी स्टॉफ को नियम, अनुशासन में रहकर कर्तव्यपालन करने और सम्मान समारोह के लिए धन्यवाद दिया। विदाई एवं सम्मान समारोह में प्राचार्य डॉ. शर्मा का पूरा परिवार जिसमें जीवन साथी वरिष्ठ पत्रकार व छत्तीसगढ़ गौरव के संपादक किशोर शर्मा , पुत्र अंकित शर्मा ,पुत्रवधु ,पुत्री प्रिया शर्मा, दामाद , पोता-पोती, भाई, बहु, भाभी और बरपाली एवं बंजारी महाविद्यालय के आशीष वर्मा, डी. डी. महत, सुश्री आयुषि बडग़े, डॉ. आकाश वैष्णव, सुश्री किरन ठाकुर, सुश्री कमला सिदार, एस. वी. पाटले, परदेशी यादव, बी.आर. शर्मा, बी. एन. बंजारे ,डॉ.राजेश्वरी कुर्रे, विरेन्द्र श्रीवास, डॉ. ललिता प्रजापति, मो0 नदीम, डॉ. अंजु दिवाकर आदि उपस्थित थे।

## उपजेल कटघोरा में आर्ट ऑफ लिविंग के योग शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

उपजेल कटघोरा में आर्ट ऑफ लिविंग का 8 दिवसीय योग एवं ध्यान शिविर का आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक श्री सुनील अग्रवाल एवं साथी अंकित एवं रिकेश अग्रवाल के सानिध्य में किया गया। पवित्र सुदर्शन क्रिया के अभ्यास से मानसिक रूप से तनाव ग्रस्त कैदियों को शांति एवं प्रसन्नता का अनुभव हुआ। आर्ट ऑफ लिविंग आज दुनिया के 160 से भी अधिक देशों में आज योग एवं प्राणायाम के माध्यम से लोगों के जीवन में प्रसन्नता लाने में विशेष रूप कार्य कर रहा है,इस संस्था के संस्थापक रविशंकर है।

## न्यायाधीश ने ली बीमा कंपनी के अफसरों व वकीलों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। इस कड़ी में 10 मई को जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली तथा समस्त राजस्व न्यायालयों में भी आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। नेशनल लोक अदालत में बीमा कंपनी के अधिक से अधिक प्रकरण रखे जाने हेतु समस्त बीमा कंपनी के अधिकारियों तथा अधिवक्ताओं की बैठक माननीय श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा की अध्यक्षता में 8 अप्रैल को जिला न्यायालय भवन के वीडियो कान्फ्रेसिंग कक्ष में दोपहर 2 बजे आनलाईन एवं आफलाईन माध्यम से ली गई। बैठक में मान. जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी. (पॉक्सो) कटघोरा, मान. प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा, मान. प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा, मान. तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा, मान. तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, भावेश, मैनेजर, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड कोरबा, खिलावन सूर्यवंशी, ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी कोरबा, विवेक पटेल, यूनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी कोरबा आदि उपस्थित थे।

### नाम परिवर्तन हेतु

मैं होमेश्वर सिंह पिता अर्जुन सिंह, जाति तंवर (क्षत्री) निवासी ग्राम अरदा, तहसील कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.) का निवासी हूं तथा मेरा वास्तविक एवं सही नाम होमेश्वर सिंह है जो कि मेरे जन्म से चला आ रहा है किंतु मेरे मौजा ग्राम सलोरा 'ख' प.ह.नं. 56, रा.नि.मं. बिरदा, तहसील दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.) के राजस्व अभिलेख में होमेश्वर सिंह उर्फ बलवान सिंह उर्फ बलवंत सिंह दर्ज पिता अर्जुन सिंह दर्ज हो गया है जो कि एक ही व्यक्ति का नाम है किंतु होमेश्वर सिंह ही मेरा वास्तविक एवं सही नाम है, जो कि मेरे शैक्षणिक अभिलेखों एवं अन्य अभिलेखों में दर्ज है। त्रुटिवश मेरे उक्त ग्राम के राजस्व अभिलेख में होमेश्वर सिंह उर्फ बलवान सिह उर्फ बलवंत सिंह दर्ज हो गया है।

अस्तु एतद् द्वारा सर्व साधारण, आम जन को सूचनार्थ प्रेषित कर रहा हूं कि मुझे आज दिनांक से होमेश्वर सिंह पिता अर्जुन सिंह के नाम से सम्बोधित एवं जाना व पहचाना जावे। उक्त नाम को लेकर जिस किसी भी संस्था, निकाय, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन अवधि के 30 दिवस के भीतर निम्न पते पर सूचनार्थ प्रेषित करें।

**भवदीय**
**होमेश्वर सिंह**
**पता-म.नं. 235/क अरदा**
**पोस्ट ढेलवाडीह तहसील कटघोरा**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**
**मो.नं. 9399649179**

### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र. 202504050700030
/बी-121/2024-25 ब 121
ग्राम-कटघोरा ह.नं. 10
तहसील कटघोरा जिला कोरबा

एतद द्वारा आम जनता मौजा कटघोरा प.ह.नं. 10 रा.नि.नं कटघोरा तहसील कटघोरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिव्यांश अग्रवाल पिता नरेन्द्र कुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी कटघोरा (मेन रोड कटघोरा) तहसील कटधीरा जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा मौजा ग्राम कटघोरा प.ह.न. 10 तह०-कटघोरा स्थित फार्म भगवान दास सुरेश कुमार के नाम से संचालित है। जिसके संचालक श्री सुरेश कुमार पिता भगवान दास अग्रवाल थे जिनका आकस्मिक मृत्यु हो गया है। जो कि आवेदक दिव्यांश अग्रवाल पिता नरेन्द्र अग्रवाल के दादा जी (सुरेश कुमार अग्रवाल संचालक) है। आवेदक उक्त फार्म के संचालक के नियुक्ति/हक/अधिकार करने बाबत वारिसान प्रदाय करने का लेख करते हुये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है. जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति होती अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 23/4/25 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/04/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**कटघोरा**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

### न्यायालय तहसीलदार तहसील भैसमा जिला-कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक / वा.-2/तह./2025
भैसमा दिनांक 26/03/2024-25

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम आंछीमार प.ह.नं. 07 रा.नि.म. भैसमा तहसील भैसमा जिला-कोरबा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 202502051800005/बी-121/24-25 आवेदक श्री सरमनसिंह पिता सम्मतसिंह जाति कंवर निवासी ग्राम आंछीमार प.ह.नं. 07 तहसील भैसमा जिला-कोरबा (छ.ग.) ने अपने चाचा स्व. श्री शुक्रवारसिंह पिता डेरिहा की मृत्यु दिनांक 19/07/2011 को ग्राम आंछीमार तहसील भैसमा जिला-कोरबा में होने से उसके नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, ग्राम पंचायत का पंचनामा, आधार कार्ड, अनुलब्धता प्रमाण पत्र तथा चालान, के साथ आवेदन पेश किया है-जिस किसी को आपत्ति हो या हित रखते हो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायलय में दिनांक 11/04/2025 को प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**भैसमा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)

**// उदघोषणा//**

रा.प्र.क्र. Q ब-121/2025
ग्राम रिसदी प.ह.नं. 18

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका विद्या गोस्वामी पति स्व. गंगा गिरी गोस्वामी निवासी क्वा.नं. एक-541 काति नगर एचटीपीएस कॉलोनी जमनीपाली दर्री जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम रिसदी स्थित धारित भूमि खसरा नंबर 312/5 रकबा 0.028 हे० भूमि राजस्व अभिलेखों में आवेदिका के नाम पर दर्ज चला आ रहा है। जिसका ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु मांग किया गया है। बी-1, खसरा, शपथ पत्र, बैंक अनापत्ति प्रमाण पत्र, प्रथम सूचना रिपोर्ट के साथ आवेदन पत्र पेश किया है। जिसमें आवेदिका द्वितीय ऋण पुस्तिका की मांग किया है। अतः इस संबंध में जिस किसी आम व खास व्यक्ति को कोई दावापत्ति हो तो वे स्वयं या किसी मान्य अभिकर्ता के माध्यम से दिनांक 24/04/2025 तक पेश कर सकते हैं, बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 08/04/2025 को मेरे न्यायालय की सील मुहर एवं पद सील से हस्ताक्षर कर जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**







9 korba-pg4_Layout 1 4/9/2025 11:27 PM Page 1



## खबर संक्षेप




### एसबीआई ब्रांच मैनेजर को हटाने ग्राहकों ने कलेक्टर से मांग

**कोरबा।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत कर हटाने की मांग की गई है। जिले के सीमांत मोरगा क्षेत्र के जनपद सदस्य से लेकर सरपंचों व ग्रामीणों ने उनकी शिकायत की है। उन्होंने कलेक्टर को अवगत कराया है कि स्टेट बैंक मोरगा के शाखा प्रबंधक का ग्राहकों के प्रति व्यवहार बिल्कुल भी ठीक नहीं है। यहाँ तक कि छोटे- छोटे काम जैसे केवाईसी, आधार सीडिंग, खाता खुलवाने के लिए 3 से 4 दिन आना पड़ता है, तथा किसी भी काम को करने की बजाय चिड़चिड़ाते हुए अभद्र भाषा का भी उपयोग करते हैं। इससे ग्रामीणों, खाताधारकों को निराश होकर वापस लौटना पड़ता है। कहा गया है कि मोरगा क्षेत्र के लोग शाखा प्रबंधक से संतुष्ट नहीं हैं इस वजह से शाखा प्रबंधक को हटाने गुहार लगाई है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ जिला कोरबा द्वारा कटघोरा क्षेत्र विधानसभा विधायक प्रेमचंद पटेल को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। संघ ने ज्ञापन के माध्यम से केन्द्र व राज्य सरकार से आग्रह किया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ प्रदेश की मांगों पर जल्द से जल्द विचार कर उनकी मांगों को पूरा करें। 7 मार्च को प्रदेश के सभी जिले में जिलाधीशों के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार को ज्ञापन दिया जा चुका है। बावजूद इसके सरकार ने संघ के कार्यसमिति की अभी तक कोई बैठक नहीं रखी और न ही हमारी मांग पत्र पर कोई विचार किया। अभी अभी सभी श्रमिक वर्ग के लिए श्रम मंत्रालय द्वारा न्यूनतम वेतन पर विचार कर बढ़ोतरी की गई, परंतु कार्यकर्ता सहायिका के लिए निश्चित पारिश्रमिक मानदेय पर कोई विचार नहीं की गई जबकि पिछले लंबे समय से संघ की मांग है न्यूनतम वेतन सम्मान जनक मानदेय कार्यकर्ता सहायिका को दी जाए, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके।

### छेड़छाड़ का आरोपी शिक्षक निलंबित, संयुक्त संचालक ने जारी किया आदेश

**कोरबा।** पसान थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिर्री स्कूल टीचर पर छात्रा से छेड़छाड़ के अपराध दर्ज होने के बाद आज सयुंक्त संचालक ने उन्हें सस्पेंड कर दिया है। यह निलम्बन आदेश जिला शिक्षा अधिकारी के रिपोर्ट पर हुआ है। बता दें कि पसान थाना क्षेत्र के सिर्री स्कूल टीचर पर छात्रा ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। छात्रा की शिकायत पर पसान पुलिस ने टीचर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शिक्षक की हरकत पर जिला शिक्षा अधिकारी ने रिपोर्ट तैयार कर संयुक्त संचालक को भेजा था। डीईओ की रिपोर्ट के आधार पर सयुंक्त संचालक ने शिक्षक संजय कठौतिया को सस्पेंड कर दिया है।

परिवार गया है दल्ली राजहरा, पुलिस की टीम जुटी मामले की जांच में

# ऊपरी मंजिल में किरायेदारों को बंद कर ठेकेदार के घर से 12 लाख की चोरी


वह मकान जहां हुई चोरी की वारदात।


घर के भीतर परिवार के सदस्य।


टूटी हुई अलमारी जिससे ले गए जेवरात।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अज्ञात चोरों ने एक मकान में घुसकर एक ठेकेदार के ऊपरी माले में किराए में रहने वाले दो किरायेदारों को बाहर से बंद कर दिया। फिर सूने मकान का एक-एक कर 4 दरवाजा का ताला तोड़कर ठेकेदार के घर में रखे अलमारी को तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात सहित लगभग 12 लाख रुपए के सामानों की चोरी कर ली है।

**खास बात**

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप नगर कालोनी में हुई चोरी की वारदात

मामला सामने आने पर पुलिस के आला अधिकारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे थे। जहां पुलिस की टीम अपराधियों तक पहुंचने के लिए मामले की छानबीन में जुटी हुई है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप नगर के एमआईजी 1/139 मे निवासरत सुजीत कुमार पिता शिव दानी का परिवार निवास करता है। सुजीत कुमार ठेकेदार का काम करता है। सुजीत कुमार पिछले दिनों अपने काम से दल्ली राजहरा गया हुआ था जहां स्कूल की छुट्टी होने पर उसकी पत्नी आरती देवी व उसके बच्चे भी उसके साथ गए हुए थे। इस दौरान उसके घर में ताला लगा हुआ था जबकि ठेकेदार के ऊपरी माले में दो किराएदार रहते हैं। बताया जाता है कि अज्ञात चोरों ने मंगलवार की रात ठेकेदार के घर में पहले घुसे और ऊपरी माले में रहने वाले दोनों किराएदारों के दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया और फिर ठेकेदार के घर नीचे ताला तोड़कर कमरे में घुस गए और अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम कुल लगभग 12 लाख रुपए के सामानों की चोरी कर ली। जब अलसुबह किरायेदारों की नींद खुली तो उन्होंने दरवाजा खोलने का प्रयास किया तब दरवाजा नहीं खुला। तब उन्हें किसी अनहोनी का अंदेशा हुआ और उन्होंने मोबाइल फोन पर इसकी जानकारी अपने पड़ोसियों को दी। इसके बाद पड़ोसी ऊपरी हिस्से में पहुंचे और बंद दरवाजे को खोला गया।

इसके बाद उन्होंने नीचे आकर देखा तो नीचे ठेकेदार के घर का ताला टूटा हुआ था और इसके उपरांत इसकी सूचना सुजीत कुमार के रिश्तेदारों को दी गई और सुजीत कुमार को फोन पर चोरी की सूचना दी गई। जहां सुजीत कुमार के रिश्तेदार और उसके पिताजी तत्काल एनटीपीसी से एमपी नगर पहुंचे जहां परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी है कि मकान से चोरों ने लगभग 12 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम की चोरी की है। चोरी की सूचना पर पुलिस के अधिकारी खोजी डॉग सहित दलबल सहित मौके पर पहुंचे थे। जहां पुलिस की टीम द्वारा मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है करतूत**

चोरों ने देर रात लगभग 12:30 बजे बड़े आराम से घर के बाहर खड़े कार के बोनट के माध्यम से ठेकेदार के घर ऊपरी माले में प्रवेश किया। जिसके बाद उन्होंने घर में चोरी की वारदात को अंजाम देकर रात लगभग 1:30 बजे के आसपास घर से माल को समेटकर बाहर भागते हुए नजर आ रहे हैं। कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में दोनों आरोपी कैद हो गए हैं। मौके पर मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस की टीम मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही पुलिस चोरों के गिरेबान तक पहुंच जाएगी।



अमरदीप ज्वेलर्स को सील करते निगम टास्क व उसकी टीम।

# अमरदीप ज्वेलर्स को निगम ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम के बड़े बकायादारों की सम्पत्तियाँ सील किए जाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इसी कडी में बुधवार को नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों के तहत बालको के हाउसिंग बोर्ड कालोनी स्थित अमरदीप ज्वेलर्स को निगम द्वारा सील कर दिया गया है। आयुक्त ने इस दिशा में ठोस कदम उठाते हुए टास्क फोर्स का गठन किया है, जो बडे.बकायादारों को चिन्हांकित कर नियमों के तहत उनकी सम्पत्तियों को सील करने की लगातार कार्यवाही करेगा।

**खास बातें**

- बालको स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी का मामला
- निगम आयुक्त ने बकायादारों की संपत्तियां सील करने दिए हैं निर्देश

उल्लेखनीय है कि नगर निगम को सम्पत्तिकर, समेकित कर, भवन, दुकान किराया सहित विभिन्न करों की करोड़ों रूपये की बकाया राशि बकायादारों से प्राप्त करनी है, वर्तमान में 1 लाख रूपये से अधिक की बकाया राशि वाले लगभग 119 बडे.बकायादार तथा 50 हजार रूपये से 1 लाख रूपये के बीच की बकाया राशि के 286 बकायादार हैं, जिन्हें बार-बार नोटिस देने, वारंट जारी किए जाने के बावजूद भी उनके द्वारा करों की बकाया राशि निगम कोष में जमा नहीं कराई जा रही, जिसके परिणाम स्वरूप एक ओर जहाँ बकाया राशि बढ़ती जा रही है, वहीं दूसरी ओर निगम को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है, इससे एक ओर जहाँ नगर विकास के कार्य प्रभावित होते हैं, वहीं दूसरी ओर मूलभूत सुविधाओं की बेहतरी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना बनी रहती है। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय द्वारा मंगलवार को ली गई राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक में राजस्व निरीक्षकों ने बताया कि इन बड़े बकायादारों के पास बार-बार जाने व बकाया राशि जमा करने का आग्रह किए जाने के बावजूद भी इनके द्वारा बकाया कर राशि जमा नहीं कराई जा रही है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इसे गंभीरता से लेते हुए इन बकायादारों के विरूद्ध नियमों के तहत कड़ी कार्यवाही किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए थे।

**दुकान पर है पर 2 लाख का बकाया**

हाउसिंग बोर्ड कालोनी बालको स्थित जिस अमरदीप ज्वेलर्स को निगम द्वारा सील किया गया है। उसकी 4 सम्पत्तियों पर लगभग 2 लाख रूपये का कर बकाया है। निगम के राजस्व कर्मचारियों द्वारा बार-बार तगादा करने, वारंट जारी किए जाने के बावजूद भी इनके द्वारा उक्त बकाया राशि जमा नहीं कराई गई, परिणाम स्वरूप आज सीलिंग की कार्यवाही की गई।

## श्री हित सहचरी सेवा समिति का भक्ति महोत्सव में गूंजा सुंदरकांड व जस गीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री हित सहचरी सेवा समिति द्वारा आयोजित नौ दिवसीय संध्या सुंदरकांड श्रृंखला ने क्षेत्र में राम नाम की ऐसी अखंड ज्योति जलाई, जिसने हर घर को मंदिर का स्वरूप दे दिया। समिति की प्रेरणास्रोत संरक्षिका श्रीमती नीरू राय के नेतृत्व में घर-घर जाकर सुंदरकांड पाठ, भजनों, जस गीतों और भाव नृत्य की ऐसी अनुपम श्रृंखला रची गई। श्रीमती श्वेता राय ने इस आयोजन में निस्वार्थ और आत्मीय सहयोग प्रदान किया। आयोजन की विशेषता केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह एक ऐसा सांस्कृतिक एवं पारिवारिक मिलन बन गया, जिसमें समय पर उपस्थिति, सेवा भाव, और उत्साहपूर्वक भागीदारी ने आयोजन को सफलतम रूप प्रदान किया। सुंदरकांड पाठ के पश्चात जब जस गीतों की स्वर-लहरियां गूंजतीं, तो श्रद्धालु महिलाओं और बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत भक्ति नृत्य उस वातावरण को जैसे स्वर्गीय बना देते। उनकी भाव-भंगिमा, पारंपरिक वेशभूषा, और समर्पण, सभी ने मिलकर संध्या को एक भक्ति-दर्शन का स्वरूप दिया। मंजूलता गुप्ता, मीनाक्षी शर्मा, राजश्री पांडे, मीना ठाकुर, निव्या विनायक, श्वेता दुबे, प्रियंका सिन्हा, श्रद्धा कर्मी, रजनी श्रीवास्तव, भावना स्वर्णकार, सलिका गोयल, प्रियंका वर्मा, मीनू पांडे, नेहा सिन्हा, किरण सिंह, विनीता सिंह, अंजना सिंह, अंशु सिंह, कविता, मेघा उपाध्याय, अर्चना सिंह, मीणा वनाफर, राजेश्वरी का सहयोग रहा।

## श्याम महोत्सव, भजन गायकों ने बांधा समां, झूमते रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

श्याम मन्दिर छुरी कटघोरा में मंगलवार को तृतीय वर्षगांठ पूर्ण होने के अवसर पर श्याम सेवक परिवार के द्वारा श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम श्याम प्रेमियों के द्वारा श्याम मन्दिर को दुल्हन की तरह सजाया गया। श्याम कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें बाबा का गुणगान व कीर्तन करने के लिए जयपुर से चंग धमाल किंग मनीश घी वाला रुचिता एव विंध्या तिवारी बिलासपुर राजा भाई जमनीपाली से जिन्हें की बाबा के भजन गायन हेतु आमंत्रित किया गया था। काली घटा है तो क्या नीली छतरी के नीचे हु मैं तूने पकड़ा जी मेरा हाँथ तो डरने की क्या बात है। श्याम तेरे भरोसे मैं चला आया, जैसे एक से बढ़कर एक श्याम भजनों से भक्त जनों की झड़िया लगा दी। सभी श्रोतागणों को झूमने व नाचने पर मजबूर कर दिया। आयोजन समिति के संचालक जित्तू का सहयोग रहा। समिति के द्वारा बाबा श्याम को 56 भोग का प्रसाद भी लगाया व कथा स्थल में आये सभी श्रोताओं के लिए प्रसाद स्वरूप रसोई की भी व्यवस्था की गई थी। आयोजन की पूरी व्यवस्था के लिए समिति के सभी सदस्य पिछले काफी दिनों से लगातार लगे हुए थे। आयोजन में कटघोरा नगर के सभी श्याम प्रेमियों के साथ साथ कटघोरा, छुरी, जमनीपाली, कोरबा, पाली, सहित सभी जगहों से पहुंचे श्याम प्रेमियों ने कथा का रसपान किया।


भजन की प्रस्तुति देते भजन गायिका।


उपस्थित श्रोतागण।

### अग्निवीर के विभिन्न पदों पर भर्ती 25 तक

**कोरबा।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु अधिसूचना जारी की गई है जिसका भारतीय सेना की वेबसाइट पर अवलोकन किया जा सकता है। सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमेन (8वीं एवं 10वीं) महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्मगुरु, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है। भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित थी जिसे आगे 25 अप्रैल तक बढ़ाया गया है। आवेदक अधिक जानकारी एवं समस्या के समाधान के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212/0771-2965214 पर संपर्क कर सकते हैं। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर की जाती है। इस हेतु अभ्यर्थियों से किसी भी अनाधिकृत व्यक्तियों के बहकावे या प्रलोभन में नहीं आने का आग्रह किया गया है।









## विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवकार महामंत्र जैन शासन में अत्यंत प्रतिष्ठित एवं पवित्र मंत्र है जिसे महामंत्र की उपाधि प्राप्त है। यह मंत्र जैन धर्म की पहचान भी माना जाता है। नवकार महामंत्र का स्मरण करने वाला प्रत्येक व्यक्ति जैन धर्म का प्रतिनिधि माना जा सकता है। इस महामंत्र में अर्हत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु –इन पांच परम पूज्य आत्माओं को श्रद्धा के साथ नमन किया जाता है। जैन समाज में यह मंत्र इतनी गहराई से समाहित है कि छोटे-छोटे बच्चे भी इसका नित्य उच्चारण करते हैं।

ज्ञात हो कि जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) द्वारा 9 अप्रैल को विश्व नवकार महामंत्र दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस पुण्य अवसर पर आध्यात्मिक और धार्मिक लाभ की भावना से सकल जैन धर्मसंघ एवं अन्य जैन अनुयायी इस अभियान से भावपूर्वक जुड़े हैं। पुराना बस स्टैंड जैन भवन तथा बुधवारी जैन मंदिर में भी सकल जैन समुदाय ने इस दिवस पर उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामूहिक रूप से नवकार महामंत्र का जाप कर इस दिन को अत्यंत पावन बनाया।

## स्काउट गाइड की जल सेवा, चार स्थानों पर प्याऊ घरों का संचालन शुरू किया


प्याऊ का शुभारंभ करते अतिथिगण एवं स्काउट गाइड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रीष्म ऋतु में जल सेवा के तहत भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला कार्यालय द्वारा जिले के चार स्थानों पर प्याऊ घरों का संचालन शुरू किया गया है।

बुधवार को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, कोरबा द्वारा रोटरी क्लब ऑफ कोरबा के सहयोग से बुधवारी बाजार क्षेत्र में प्याऊ घर का संचालन शुरू किया गया। इसका शुभारंभ रोटरी क्लब ऑफ कोरबा के अध्यक्ष मुकेश जैन और सचिव धमेन्द्र जैन ने किया। रोटरी के पूर्व अध्यक्ष पारस जैन भी उपस्थित रहे। पहले दिन राहगीरों को ठंडा पेयजल के साथ चना- गुड़ वितरित किया गया। इस अवसर पर मुकेश जैन ने कहा कि जिले में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की सामाजिक सरोकार वाले कार्यों में सहभागिता सराहनीय है। प्याऊ घर के शुभारंभ के दौरान भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, कोरबा के जिला सचिव भरत सिंह वर्मा, डीओसी द्वय डीगम्बर सिंह कौशिक, उत्तरा मानिकपुरी, गाइड केप्टिन पूर्णिमा भट्टाचार्य, श्रुति पाठक, रोवर लीडर राजीव साहू, जगन्नाथ सिंह नेताम, जिला युवा समिति के अध्यक्ष पप्पू चन्द्रा, सीनियर रेंजर पलक पटेल, सुहाना मंहत, सरस्वती ध्रुव, रोवर नीलेश पटेल सहित अन्य की मौजूदगी रही। कोरबा शहर के अलावा पोड़ी उपरोड़ा, पाली तथा करतला विकासखंड में भी प्याऊ घर का संचालन प्रारंभ किया गया। प्याऊ घरों का संचालन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के दिशा निर्देश पर किया जा रहा है। राज्य के सभी जिलों में प्याऊ घरों का संचालन प्रारंभ किया गया है।





